नए दाखिले हेतु नियमावली
सत्र 2018-2019
प्री नर्सरी एवं नर्सरी

1. सेंट फ्रांसिस उच्चतर माध्यमिक शाला, अमेरी रोड, बिलासपुर (छ.ग.) में सत्र 2018-2019 के लिए प्री-नर्सरी एवं नर्सरी में दाखिला हेतु पंजीयन प्रक्रिया दिनांक 01-12-2017 से प्रारम्भ हो रही है, जो कि केवल ऑनलाइन सिस्टम द्वारा संपादित होगी | विद्यार्थियों का चयन विशेष अंक प्रणाली के अंतर्गत होग, जो कि विद्यार्थी द्वारा उसकी स्थिति अनुसार अर्जित अंको को प्रदर्शित करेगा | जिसकी वर्णित तालिका निम्नलिखित है :

कंडिका	अंक
ईसाई अल्पसंख्यक श्रेणी	30
विद्यार्थी का निवास स्थान जोन – 1 बिलासपुर नगर निगम / अमेरी ग्राम पंचायत की सीमा के अन्दर निवासरत (निवास के प्रमाण के अनुसार)	 15
जोन – 2 जोन – 1 में उल्लेखित परिक्षेत्र के अतिरिक्त अन्य स्थान (निवास के प्रमाण के अनुसार)	10
यदि विद्यार्थी के सगे भाई / बहन इसी शाला में वर्तमान में अध्ययनरत हो	20
एकल अभिभावक (विधवा / विधुर)	05
यदि अभ्यर्थी के माता / पिता इसी शाला से कक्षा १२वीं उत्तीर्ण हो पिता माता	 10 10
यदि किन्ही भी 2 या अधिक अभ्यर्थियों के अंक एक सामान आते है, तो जो छात्र आयु में बड़े है उन्हें वरीयता में उपरी क्रम पर रखा जाएगा		

2. प्री-नर्सरी में दाखिला हेतु सुबह की पाली (09:00 बजे से 11:30 तक) में कुल 100 सीटें उपलब्ध हैं |
3. नर्सरी में दाखिला हेतु सीटें निम्नानुसार उपलब्ध है:
   a. सुबह की पाली (09:00 बजे से 12:15 तक) में कुल 100 सीटें उपलब्ध हैं |
   b. दोपहर की पाली (01:30 बजे से 04:45 तक) में कुल 110 सीटें उपलब्ध हैं |

      * 'F' सेक्शन के छात्र दोपहर पाली में एक वर्ष के लिए अध्ययन करेंगे. एक वर्ष पश्चात् अर्थात कक्षा K.G-I से ये छात्र सुबह की पाली में आयेंगे |

      * 'G' सेक्शन के छात्र दोपहर पाली में तीन वर्ष के लिए अध्ययन करेंगे. तीन वर्ष पश्चात् अर्थात कक्षा 1ली से ये छात्र सुबह की पाली में आयेंगे |
4. प्री-नर्सरी में दाखिला हेतु 30 जून 2018 को विद्यार्थी की न्यूनतम आयु 2 वर्ष 3 माह या अधिक एवं अधिकतम आयु 3 वर्ष 6 माह है |
5. नर्सरी में दाखिला हेतु 30 जून 2018 को विद्यार्थी की न्यूनतम आयु 3 वर्ष या अधिक एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह है |
6. किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को आयु सीमा में छूट की पात्रता नहीं होगी |
7. पंजीयन फॉर्म इन्टरनेट पर दिनांक 01-12-2017 से दिनांक 31-12-2017 तक उपलब्ध रहेगी |

8. पंजीयन हेतु अभिभावक को इन्टरनेट में शाला के वेबसाईट www.sfsbcampuscare.in पर लॉग-इन करना होगा |
9. उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म हो पूर्णरूपेण भरकर प्रस्तुत करें | विद्यार्थी की नवीनतम फोटो की प्रति स्कैन करके अपलोड करें (ध्यान रखे कि फाइल साइज़ 20 के.बी. से अधिक न हो) | यदि विद्यार्थी की जन्मतिथि इच्छित कक्षा हेतु वर्णित आवश्यक आयु सीमा के अंतर्गत नहीं होगी तो फॉर्म स्वीकार / सबमिट नहीं होगा | अभिभावक अपना चालू मोबाइल नंबर भी फॉर्म में उल्लेखित करें जिसका उपयोग अभ्यर्थी संबंधी जानकारी SMS द्वारा प्रेषित करने हेतु किया जाएगा |
10. अभ्यर्थी को पंजीयन हेतु शुल्क (रु 200/- + बैंक सेवा शुल्क) देय होगा जो कि ऑनलाइन प्रक्रिया (डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग) द्वारा किया जाना है |
11. ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म में सभी प्रविष्टी कर लेने एवं पंजीयन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात् पंजीयन फॉर्म एवं आवेदन की पावती का प्रिंट आउट निकाले. उसके पश्चात् फॉर्म के प्रिंटआउट के साथ नीचे उल्लेखित दस्तावेजों में से उपयुक्त दस्तावेजों के साथ दिनांक 01 दिसंबर 2017 से दिनांक 02 जनवरी 2018 तक (समय : 07:30 बजे सुबह से 03:00 बजे दोपहर तक) शाला कार्यालय के पास रखे गए ड्राप बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें |

    आवश्यक दस्तावेजों की सूची : प्रत्येक आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें |

    1. जन्म प्रमाण पत्र (छाया प्रति)
       नगर पालिक निगम / नगरीय निकाय / ग्राम पंचायत द्वारा प्रदत्त |
    2. निवास का प्रमाण (छाया प्रति)
       राशन कार्ड, बिजली बिल, जलकर बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शासन द्वारा मान्य अन्य दस्तावेज़ जिसमें निवास का पता उल्लेखित हो |

    वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची : प्रत्येक आवेदन के साथ तभी संलग्न करें यदि अभ्यर्थी उस श्रेणी का लाभ लेने हेतु पंजीयन फॉर्म में प्रविष्टी की है :-

    3. ईसाई अल्पसंख्यक प्रमाणीकरण (पेरिश प्रीस्ट / पास्टर / चर्च इंचार्ज द्वारा प्रमाणीकरण कि अभ्यर्थी के अभिभावक उक्त चर्च के नियमित सदस्य हैं) **[यदि ईसाई अल्पसंख्यक श्रेणी में आते है]**
    4. संस्था में अध्ययनरत सगे भाई / बहन के वर्तमान सत्र के पहचान पत्र (ID Card) / Gate Pass की छाया प्रति **[यदि अभ्यर्थी के सगे भाई / बहन इस शाला में अध्ययनरत है.]**
    5. कक्षा 12वीं पास का प्रमाण पत्र **[यदि माता / पिता / दोनों अभिभावक इस शाला से कक्षा 12वी उत्तीर्ण किये हो तो]**
    6. पति / पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र **[एकल अभिभावक श्रेणी के लिए]**

    (कृपया ध्यान रखें कि पंजीयन फॉर्म की हार्ड कॉपी प्रिंटआउट के साथ उपर्युक्त दस्तावेज़ जमा नहीं किये जाते हैं अथवा पंजीयन फॉर्म में उल्लेखित तथ्य उनके दस्तावेजों से अलग अथवा गलत पायें जाते हैं तो अभ्यर्थी का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा तथा इस स्थिति का पूर्ण उत्तरदायित्व उक्त अभ्यर्थी के अभिभावक का होगा |)
12. ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रिंटआउट जमा करने के बाद समस्त आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण करने के उपरांत दिनांक 10 जनवरी 2018 , दिन मंगलवार को प्राप्त अंको के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जायेगी | चयन सूची अंको के घटते क्रम (अधिकतम अंक से न्यूनतम अंक) में प्रदर्शित की जायेगी |
13. चयनित अभ्यर्थियों की सूची शाला की वेबसाइट www.stfrancisbilaspur.in एवं शाला के सूचना पटल पर उपलब्ध रहेगी | चयनित अभ्यर्थियों को SMS के द्वारा प्राचार्या / उप-प्राचार्या से आपसी परिचर्चा हेतु दिनांक एवं समय संबंधी जानकारी प्रेषित की जायेगी | उक्त दिवस पर अभिभावकों को सम्बंधित छात्र /

छात्रा के साथ SMS द्वारा सूचित दिवस एवं समय पर शाला में उपस्थित होना अनिवार्य है अन्यथा सीट आवंटन निरस्त माना जाएगा एवं सीट वरीयता क्रम के अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जावेगी |

14. चयनित अभ्यर्थियों को SMS द्वारा सूचित दिवस पर प्राचार्या / उप-प्राचार्या से आपसी परिचर्चा उपरांत प्रवेश संबंधी प्रक्रिया को उसी दिवस में संपन्न कराना होगा अन्यथा सीट आवंटन निरस्त माना जाएगा एवं सीट वरीयता क्रम के अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जावेगी |

प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवश्यकताएँ

1. विद्यार्थी का पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो – 1
2. विद्यार्थी के जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति
3. शाला शुल्क की प्रथम किश्त की राशि

15. चयनित अभ्यर्थियों को आपसी परिचर्चा उपरांत प्रवेश फॉर्म लेना होगा जिसका शुल्क रु 200/- अलग से देय होगा | प्रवेश फॉर्म को पूर्ण रूप से साफ़ शब्दों में प्रविष्टी एवं फोटो यथेष्ट स्थान पर लगाने के उपरांत, जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न कर निर्दिष्ट काउंटर पर जमा करें एवं फीस रसीद बुक प्राप्त करे | उसके उपरांत फीस काउंटर पर फीस का भुगतान कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें | **[प्रवेश फॉर्म शाला के बाहर ले जाना मना हैं]**

नोट : केवल पंजीयन प्राप्त करना ही विद्यार्थी को दाखिला पाना सुनिश्चित नहीं करता | अभिभावकों से निवेदन है कि पंजीयन करने से पूर्व वे नियमावली का पूर्ण रूप से अवलोकन कर लें एवं इन नियमो से पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर ही पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण करें |